वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 160 | शुक्रवार 4 अक्टूबर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की केन्द्रीय मंत्रियों से भेंट

## राजस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं और विकास कार्यों की दी जानकारी







**राजस्थान में सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, जन कल्याणकारी योजनाओं, ऊर्जा क्षेत्र में नवाचारों एवं कृषि उत्पादन में वृद्धि की विस्तृत जानकारी दी...**

**जयपुर. कासं**

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों जे.पी.नड्डा, प्रहलाद जोशी और सी.आर.पाटिल से मुलाकात कर प्रदेश में चल रही विभिन्न परियोजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी।

### केन्द्रीय परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री से भेंट

मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे.पी.नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर शर्मा ने दिसम्बर में जयपुर में होने वाले ''राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024'' की तैयारियों की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा कर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल से भेंट

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल से भेंट कर उनको राजस्थान में जल जीवन मिशन तथा ''पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना'' (ई.आर.सी.पी.) की वर्तमान प्रगति एवं क्रियान्वयन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही प्रदेश से संबंधित अन्य विकास कार्यों को लेकर उनके साथ वार्ता की।

### केन्द्रीय उपभोक्ता, खाद्य व सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री से भेंट

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने केन्द्रीय उपभोक्ता, खाद्य व सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी से भेंट कर उन्हें राजस्थान में उनकी सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, जन कल्याणकारी योजनाओं, ऊर्जा क्षेत्र में नवाचारों एवं कृषि उत्पादन में वृद्धि की विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त राज्य में खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भविष्य की योजनाओं पर सार्थक चर्चा की।

# जैन सोशल ग्रुप कीर्ति द्वारा डांडिया रास कार्यक्रम आयोजित







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप कीर्ति द्वारा सिद्धार्थ पैराडाइज, मानसरोवर, जयपुर में डांडिया प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कालीचरण सर्राफ थे। विशिष्ठ अतिथि मनीष -सुनीता रेवड़ी वाले थे। ग्रुप अध्यक्ष मनोज गंगवाल एवम सचिव रीना गोदिका ने बताया कि जज की भूमिका विकास - विनीता छाबड़ा ने निभाई । दीप प्रज्वलन एडवोकेट राजेश - ऋतु जैन ने किया। ग्रुप के सभी सदस्य डांडिया ड्रेस में उपस्थित हुए । लजीज भोजन के साथ सभी ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के संयोजक अपूर्व - रुचि जैन, भाग्येश - प्रियंका जैन, अमित-सुरभि काला, नितिन - हिमानी सेठ, अमित - शुभ्रा जैन, अमित - शिल्पी वैद थे । कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉक्टर अक्षय सेठी ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया । ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार जैन को 40 वर्ष की राजकीय सेवा से रिटायर होने पर सम्मान किया। अंत में सभी कार्यक्रम संयोजकगणो द्वारा धन्यवाद दिया।



# लॉयन्स क्लब एलीट ने निकाली विश्व शांति रैली, किया स्वच्छता कर्मियों का सम्मान






मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया

मुरैना। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर लॉयन्स क्लब एलीट ने एक भव्य विश्व शांति रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष लायन भारती मोदी ने बताया कि आज से लॉयन्स सेवा सप्ताह की शुरूआत हो गई है, जो 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इस सेवा सप्ताह में मुरैना के सभी लॉयन्स क्लब भागीदारी करेंगे, और प्रत्येक दिन की गतिविधियों की ज़िम्मेदारी विभिन्न क्लबों को सौंपी गई है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में रीजन चेयरपर्सन लॉयन डॉ. रितु राठी तथा विशिष्ट अतिथि रीजन कोऑर्डिनेटर इंजीनियर राजेश बांदिल एवं जोन चेयरपर्सन इंजीनियर नीता बांदिल शामिल हुए। रैली में लॉयन्स क्लब की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हिस्सा लिया। शाम 5 बजे शहीद संग्रहालय से शुरू होकर यह रैली नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई गांधी स्मारक बाल निकेतन रोड पर पहुँची। यहाँ पर सर्वप्रथम गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा नगर निगम के 11 सफाई कर्मचारियों का माला, शॉल और उपहार देकर सम्मान किया गया। यह सम्मान सफाई कर्मियों की मेहनत और समर्पण को सराहने के लिए किया गया, जो शहर की स्वच्छता में अहम भूमिका निभाते हैं। इस रैली के माध्यम से लॉयन्स क्लब मुरैना ने शांति, सेवा और सामुदायिक सहभागिता का महत्वपूर्ण संदेश दिया। रैली में लॉयन्स क्लब एलीट की कोषाध्यक्ष मयूरी गुप्ता, क्लब एडमिन लॉयन डॉक्टर अनुभा माहेश्वरी, उपाध्यक्ष लॉयन भावना जैन एवं लॉयन डॉक्टर अनुपमा गर्ग, लॉयन शैली मंगल, लॉयन ममता बंसल, लॉयन प्रभा अग्रवाल, लॉयन मीरा मंगल, लॉयन रानी अग्रवाल, लॉयन डॉक्टर अनीता तुलसानी, लॉयन पारुल गुप्ता, लॉयन रेणुका नायर, लॉयन पूजा सिंघल, लॉयन अंशुल गोलस, लायंस क्लब वेस्ट के अध्यक्ष प्रमोद सिंगल, सचिव लायन राजेश गोयल, लॉयन्स क्लब समन्वय की अध्यक्ष लॉयन डॉ मीरा बांदिल, सचिव लॉयन सपना मांडिल, लॉयन पूनम गांगिल, लॉयन मीना गुप्ता, लॉयन शालू गोयल, लायंस क्लब दिव्य की अध्यक्ष लाइन किरण गुप्ता, सचिव लॉयन मधु सिंघल, कोषाध्यक्ष लॉयन डोली वर्मा, लायंस क्लब मुरैना की अध्यक्ष लॉयन अल्पना गुप्ता, सचिव लॉयन जे पी पंडित जी, लॉयन्स क्लब अम्बाह के अध्यक्ष लॉयन सुजीत सिंह मावई, लॉयन्स क्लब कैलारस के अध्यक्ष लॉयन संदीप शर्मा, लॉयन सीमा सिंघल, लॉयन बबिता जैन, लॉयन रेणु गोयल, लॉयन ममता अग्रवाल आदि सदस्य शामिल हुए।



## वेद ज्ञान

### सभी को साथ लेकर चलने से व्यक्ति का जीवन उत्सवमय बन जाता है

जीवन उत्सवमय तभी होता है, जब सभी को साथ लेकर चलें। एकाकीपन नीरसता लाता है और व्यक्ति किसी मुद्दे पर एकाग्र नहीं हो पाता। संसार में विविधता है और इस विविधता में ही पार पाना है। इसमें रमना नहीं है, बल्कि नदी-नाव-संयोग से हिल मिलकर पार हो जाना है। समूह-भाव से ही जीवन-उत्सव बनता है। परिजन मिलकर रहें। सबको साथ लेकर चलना ही अभीष्ट है। पर्वों को तो विशेष उत्साह से मनाएं। सबके मंगल की कामना करें। पर्वों पर अड़ोस-पड़ोस और परिजनों का विशेष ध्यान रखें। कोई भूखा न रह जाए। केवल अपने लिए जीना या स्व उदरपूर्ति तक केंद्रित रहना अच्छी बात नहीं है। जीवन संस्कारमय तो तभी होगा, जब समग्रता के साथ गुणों का संवर्धन होगा। इसलिए आत्मचेतना का सामाजिक विस्तार निरंतर बना रहना चाहिए। जब ईश्वर ने हमें सेवा के योग्य बनाया है तो सेवा से संबंधित विविध कार्यों का विस्तार होना चाहिए। सेवा, हमारे मन की पावन भावना है, जो हमें राग-द्वेष और भेदभाव से ऊपर उठाती है। सामूहिक भाव मन में प्रसन्नता लाता है। पर्व और मेले सामूहिक संस्कार को जगाते हैं, किंतु आज की भागमभाग जिंदगी में हम पर्वों का आनंद भी नहीं उठा पाते। ये तो ऐसे अवसर हैं, जब हम उपासना करें। ईश्वर से प्रार्थना करें कि हे नाथ आपकी बड़ी कृपा है। आपने हमें शुभ अवसर प्रदान कर हमारे जीवन को आनंद से भर दिया है। आपकी यह कृपा जीवों पर सदैव बनी रहे। सत्संग में नियमित सम्मिलित होना चाहिए। जीवन को दिशा देने के लिए, विषाद को दूर करने के लिए ये बहुत उपयोगी हैं। इनसे ईश्वरीय विचार पुष्ट होते हैं और मानव जीवन की महिमा पुष्ट होती है। इसलिए आवश्यकता यही है कि हम अपना सोचने का तरीका और दृष्टिकोण बदलें। आनंदमय जीवन की कल्पना तभी प्रत्यक्ष होगी, जब मन में सत्संकल्प और सद्विचार सुदृढ़ होंगे। आइए अपने आनंदमय स्वरूप का चिंतन करें, सर्वकल्याण की कामना करें और परमात्मा की प्रकृति का सदुपयोग करें।

## संपादकीय

# युद्ध के मुहाने पर दुनिया...

आखिरकार ईरान ने इजराइल पर मिसाइलें दाग कर उसे चुनौती दे दी। अभी तक हमास के विरुद्ध इजराइल की जंग को लेकर वह चुप्पी साधे हुए था। मगर जब इजराइल ने लेबनान पर हमला कर हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह और दूसरे नेताओं को मार गिराया तो इजराइल की चेतावनियों को धता बताते हुए ईरान ने उस पर जवाबी मिसाइलें दाग दीं। हालांकि अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि इस हमले से इजराइल में कितना नुकसान हुआ है, मगर इससे इजराइल के पक्ष और विपक्ष में दुनिया के बंट जाने और संघर्ष बढ़ने की आशंकाएं गहरा गई हैं। अमेरिका शुरू से इजराइल का समर्थन करता रहा है। ईरान के हमले के बाद उसने खुल कर कह दिया कि जब भी जरूरत पड़ेगी, उसकी सेनाएं इजराइल की मदद के लिए उतरने को तैयार हैं। कुछ दिनों पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने इजराइल को चेतावनी दी थी कि वह लेबनान पर हमले से बाज आए। बताया जा रहा है कि ईरान ने रूस से बातचीत के बाद ही इजराइल पर मिसाइलें दागीं। इस तरह यह आशंका बढ़ गई है कि अगर इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ा, तो विश्वयुद्ध की स्थिति बन सकती है। दरअसल, यह संघर्ष फिलिस्तीन को लेकर शुरू हुआ था। लंबे समय से यह विवाद चला आ रहा है, मगर जब हमास के लड़ाकों ने इजराइल की सीमा में उतर कर हमले किए तो इजराइल ने उसके खिलाफ जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। इजराइल ने पहले ही फिलिस्तीन का लगभग सारा हिस्सा हथिया लिया था। अब उसने बचे हुए गाजा पट्टी पर भी हमले शुरू कर दिए और एक तरह से फिलिस्तीन का नामोनिशान मिटाने पर तुला है। हमास पर काबू पाने के बाद उसने लेबनान के हिजबुल्ला और यमन के हूती विद्रोहियों को नेस्तनाबूद करने की कोशिशें तेज कर दी। सब जानते हैं कि हमास, हिजबुल्लाह और हूती- तीनों संगठनों को ईरान ने पाला-पोसा है। इजराइल इन्हें आतंकी संगठन बताता है, जबकि ईरान उन्हें स्वतंत्रता सेनानी कहता है। जैसा कि इजराइल के रुख से जाहिर है, वह अपने विरुद्ध उठने वाले किसी भी कदम को सख्ती से कुचलने को प्रतिबद्ध है। इसकी खुली चेतावनी भी वह दे चुका है। कुछ दिनों पहले इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान की जनता को सीधे संबोधित करते हुए वहां के शाह के खिलाफ उन्हें भड़काने की भी कोशिश की थी। अगर इजराइल और ईरान में संघर्ष बढ़ता है, तो इसके कई घातक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। इन हालात में भारत संतुलन बनाकर चल रहा है। भारत के संबंध अमेरिका और इजराइल से बहुत अच्छे हैं, तो ईरान और रूस से भी रणनीतिक संबंध हैं। दो दिन पहले प्रधानमंत्री ने इजराइल के प्रधानमंत्री से फोन पर बातचीत कर पश्चिम एशिया में शांति बहाली और बंधकों की सुरक्षित रिहाई की अपील की थी। मगर ईरान के हमले के बाद स्थिति बदल गई है।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# युद्ध की आहट

ईरान द्वारा इजरायल को सीधे निशाना बनाने से महायुद्ध जैसे हालात बनना पूरी दुनिया के लिए चिंताजनक और दुखद है। तनाव चरम पर है, क्योंकि इजरायल किसी भी वक्त ईरान पर जवाबी वार कर सकता है। दरअसल, लगभग एक साल से ईरान प्रत्यक्ष रूप से संयम दिखा रहा था। हिज्बुल्लाह जैसे आतंकी संगठनों को हर तरह की मदद देकर खुद को सीधे युद्ध में उतरने से बचा रहा था, पर मंगलवार को एक साथ 180 मिसाइलें दागकर इजरायल को उसने साफ संकेत दे दिया है कि वह अब चुप नहीं बैठेगा। खासकर, नसरल्लाह की मौत के बाद ईरान पर जंग में कूदने का भारी दबाव था। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी साफ कह दिया है कि ईरान को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। इजरायल के साथ समस्या यह है कि वह बदले की मानसिकता में फंसा हुआ है और किसी भी नसीहत पर कान नहीं दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव को भी वह रत्ती भर भाव देने को तैयार नहीं है। अमेरिका से मिल रहा समर्थन उसके लिए पर्याप्त है। ऐसे में, एक महायुद्ध दहलीज पर दस्तक देने लगा है। आज एक बड़ा सवाल है कि क्या इजरायल, ईरान जैसे देश महायुद्ध चाहते हैं? दरअसल, हर देश दुनिया में आम जनमानस को लेकर सजग है। संसार के ज्यादातर लोग महायुद्ध नहीं चाहते, इसलिए बड़ी आक्रामकता दिखाने के बावजूद देश अपना बचाव भी कर रहे हैं। ईरान की ही अगर बात सुनें, तो उसने यही कहा है कि उसका हमला पूरी तरह रक्षात्मक था और वह लेबनान में इजरायल द्वारा की गई हत्याओं व हमलों का जवाब देना चाहता था। ईरान यह मानता है कि उसने 180 मिसाइलें दागकर हिसाब बराबर किया है और उसकी ओर से हमला समाप्त है, जब तक कि इजरायल उसे फिर उकसाता नहीं है। जाहिर है, इजरायल ने फिर वार किया, तो यकीन मानिए, दुनिया महायुद्ध की ओर बढ़ चलेगी। यहां परमाणु जनित खतरे की आशंका की चर्चा न हो, तो बेहतर है। आज दुनिया ऐसी स्थिति में नहीं है कि महायुद्ध झेल सके। यह किसी भी प्रकार के हमलावरों की पीठ थपथपाने के बजाय शांति दूतों को आगे करने का समय है। संयुक्त राष्ट्र की सक्रियता जरूरी है, ताकि दुनिया युद्ध की वास्तविकता से परिचित हो सके। आज दोनों ओर ऐसे देश हैं, जो सूचनाओं को छिपा सकते हैं। वार करने वाला देश अलग आंकड़े देगा और वार झेलने वाला देश न्यूनतम क्षति दर्शाएगा। शायद, हम एक ऐसे दौर के गवाह बनेंगे, जब सही सूचनाओं पर पहरे होंगे। यह दुनिया के लिए ज्यादा खतरनाक स्थिति होगी। युद्ध पर कहीं तो लगाम लगे। गाजा से लेकर कीव तक युद्धों के चलते रोज सैकड़ों लोग मारे जा रहे हैं। इजरायल ने मंगलवार को भी लेबनान पर हमले जारी रखे, जिसमें 55 लोगों की मौत हो गई। किसी तरह से इजरायल को अमन बहाली के लिए तैयार करना होगा और दूसरी ओर, अरब मुल्कों को किसी भी तरह के आतंकी संगठन के बचाव से बाज आने के लिए पाबंद करना होगा। यह गौर करना जरूरी है कि मुट्ठी भर आतंकियों वाले हमास और हिजबुल्लाह की कारस्तानियों ने दुनिया को कहां पहुंचा दिया है। ईमानदारी से सोचना होगा, इजरायल का दुनिया में सकारात्मक योगदान भी है, पर उसकी आक्रामकता निर्ममता की हदें पार न करे, यह सुनिश्चित करना आज समय की सबसे बड़ी मांग है। महायुद्ध रोकने के लिए भारत के साथ चीन को भी जरूर आगे आना चाहिए, तो बात जल्दी सुनी जाएगी।

## महाराजा अग्रसेन की 5148 वीं जयंती

# निकाली गाजों, बाजों, साजों और जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा, जगह-जगह हुई महामंगल आरती

### समिति ने किया मेधावी छात्रों, 75 वर्ष से अधिक उम्र के अग्रजनों और अतिथियों का सम्मान, टोंक रोड़ हजारों अग्रबंधु हुए शामिल





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गुरुवार को अग्रवाल समाज ने देशभर में महाराजा अग्रसेन महाराजा की 5148 वीं जन्मजयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई, इस अवसर पर टोंक रोड़ अग्रवाल समाज ने भी अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया और महाराजा अग्रसेन मंच के तत्वावधान में प्रातः 6 बजे से भव्य शोभायात्रा का आयोजन प्रारंभ कर महाराजा अग्रसेन को गाजों, बाजों, साजों और जयकारों के साथ नगर यात्रा करवाई गई। अग्रवाल समाज सेवा समिति प्रचार मंत्री अरविंद अग्रवाल और महाराजा अग्रसेन मंच अध्यक्ष अभिषेक बंसल ने बताया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन मंच और टोंक रोड़ अग्रवाल समाज के निर्देशन में प्रातः 6 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा का शुभारंभ टेलीफोन कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से विधायक कालीचरण सर्राफ, समिति अध्यक्ष आरडी गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष केके सिंघल, मुकेश गुप्ता समिति अन्य अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन की महामंगल आरती कर यात्रा का शुभारंभ किया, इसके पश्चात यह यात्रा आदर्श बाजार, शर्मा स्टोर, गली नंबर 17, वेलकम मॉडल स्कूल, विजय टेंट हाउस, अहिंसा पार्क, बरकत नगर, महेश नगर रेलवे फाटक, पुष्पांजलि कॉलोनी होते हुए महेश नगर स्थित अग्रसेन भवन पर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओ ने जगह - जगह ना केवल पुष्पवर्षा की बल्कि अग्र भजनों पर नाचते - गाते हुए जयकारों के साथ चल रहे थे और जहां - जहां से यात्रा गुजरती गई वहां - वहां का पूरा माहौल महाराजा अग्रसेन के वातावरण में परिवर्तित होता गया। शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण केंद्र विशाल रथ पर विराजमान महाराजा अग्रसेन और रथ के साथ चल रहे 18 घोड़े और साही लवाजमा रहा, इसके अतिरिक्त 3 स्थान पहला शिव मंदिर, टेलीफोन कॉलोनी, दूसरा महेश नगर फाटक और तीसरा अग्रसेन भवन रहा जहां पर सभी अग्र बंधुओ सहित समस्त पदाधिकारियों ने महामंगल आरती की। यात्रा में विधायक कालीचरण सर्राफ, समाजसेवी मुरारीलाल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष दुगार्लाल गुप्ता, सीए मनोज गुप्ता, के.लवेश गोयल, डॉ एच एल गुप्ता (एचओडी, महात्मा गांधी हॉस्पिटल), विनोद मित्तल, सीए गजानंद गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, अभिषेक जैन बिट्टू, संदीप जैन इत्यादियो ने भाग लिया। प्रचार मंत्री अरविंद अग्रवाल ने बताया की गुरुवार को शोभायात्रा के पश्चात प्रातः 11 बजे से त्रिवेणी नगर स्थित सामुदायिक केंद्र पर टोंक रोड़ श्री अग्रवाल समाज सेवा समिति का मुख्य आयोजन संपन्न हुआ इस आयोजन में टोंक रोड़ से लगती हुई बरकत नगर, कीर्ति नगर, महावीर नगर, महेश नगर, त्रिवेणी नगर, 10 बी, वसुंधरा अग्रसेन नगर, मधुबन, टेलीफोन कॉलोनी इत्यादियों के 7 हजार से अग्रबंधुओ ने भाग लिया, समाज समिति द्वारा मेधावी छात्रों सहित 75 वर्ष से अधिक उम्र अग्रजनो का सम्मान किया, इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक कालीचरण सर्राफ, विख्यात समाजसेवी राजेंद्र केडिया, अध्यक्ष आरडी गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष केके सिंघल सहित समाज के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित किया और समाज के उत्थान, सहयोग और समर्पण पर संबोधन किया।

### 5 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन मंच का ''डांडिया उत्सव''

अग्रसेन मंच अध्यक्ष अभिषेक बंसल ने जानकारी देते हुए बताया की शनिवार 5 अक्टूबर को शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक ''डांडिया उत्सव'' का विशेष आयोजन महाराजा अग्रसेन जयंती और नवरात्रों के उपलक्ष्य में रखा गया है। यह आयोजन महेश नगर स्थित हरियाणा सुहागन लोन पर आयोजित होगा, जिसमें गणमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु सम्मिलित होंगे।

# रिलायंस ट्रेंड्स ने किफायती दामों पर ऑटम विंटर कलेक्शन लॉन्च किया

**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया**

रिलायंस ट्रेंड्स ने फेस्टिवल सीजन के लिए नया ऑटम विंटर कलेक्शन लॉन्च किया है। ''एवरी डे लोअर प्राइज'' कॉन्सेप्ट के साथ पेश यह कलेक्शन सभी तरह के ग्राहकों के लिए डिजाइन किया गया है। ऑनलाइन खरीददार हो या स्टोर से सीधे खरीददारी करने वाले ग्राहक, यह कलेक्शन किफायती दामों पर बेहतरीन फैशन प्रोडक्ट उपलब्ध कराएगा। कंपनी का दावा है कि 199 रुपये की कीमत से कपड़े उपलब्ध होंगे। कलेक्शन पूरी तरह प्रकृति के सुंदरता से प्रभावित है। परिधानों में खिलते फूल, बहती नदिया और शांत पहाड़ की भव्यता को देखा जा सकता है। आधुनिक महिलाओं के लिए कलेक्शन को खास भारतीय शिल्प कला कौशल से निखारा गया है। साइड गेदर कुर्ते से लेकर लेयर्ड कुर्ते, को-ऑर्ड सेट और एथनिक ड्रेस तक, प्रत्येक पीस एक बेहतरीन फैशन स्टेटमेंट है। एंटीक मेटैलिक लुक को समकालीन डिजाइनों के साथ मिलाकर डिजाइन किया गया है। त्यौहारी खरीदारी को और भी शानदार बनाने के लिए, कंपनी नए कलेक्शन पर विशेष छूट और प्रमोशन दे रही है। चाहे आप स्टोर में खरीदारी करें या ऑनलाइन, आप ऑफर का फायदा उठा सकते हैं।



# मां पद्मावती की हुई भव्य आराधना



**रामगंजमंडी. शाबाश इंडिया**

रामगंजमंडी नगर के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में गुरुवार को नवरात्रि के प्रथम दिन की मंगल बेला में पट्ट गणिनी आर्यिका 105 विमलप्रभा माताजी एवम संघ सानिध्य में माता पद्मावती की भव्य अर्चना की गई। जानकारी देते हुए महेश कटारिया ने बताया कि सर्वप्रथम माता पद्मावती भक्त मंडल द्वारा मूलनायक श्री शांतिनाथ भगवान को अर्ध समर्पित कर पूज्य माताजी संघ को भक्ति आराधना में पधारने हेतु भाव भरा निवेदन किया गया।इसके तत्पश्चात माताजी संघ सानिध्य में पद्मावती माता का 1008 मंत्रो द्वारा अर्चन कुंकुम, पुष्प, मेहंदी, हल्दी वह चंदन से किया गया। जिसके लिए विशेष द्रव्य कोटा एवं जयपुर से मंगाए गए जिसमें भक्तों का उत्साह देखते हुए बन रहा था और माता का अभिषेक श्रृंगार और गोद भराई की गई। सभी ने माता पद्मावती का गुणगान भक्ति भाव से किया।सभी भक्त इस पल में उत्साह से लबरेज रहे। भक्ति की अभूतपूर्व श्रृंखला में समस्त क्रियाएं क्षुल्लिका 105 सुमैत्री श्री माताजी द्वारा संपन्न कराई गई। सभी पद्मावती मंडल के सदस्यों के लिए विशेष साड़ी व धोती दुपट्टा अनुराग रितु चांदवाड द्वारा प्रदान किया गया।

**-अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट**

## बूढा पीपल हैं कहां!

अपने प्यारे गाँव से, बस है यही सवाल !
बूढा पीपल हैं कहाँ,गई कहाँ चौपाल !!

रही नहीं चौपाल में, पहले जैसी बात !
नस्लें शहरी हो गई, बदल गई देहात !!

जब से आई गाँव में, ये शहरी सौगात !
मेड़ करें ना खेत से, आपस में अब बात !!

चिठ्ठी लाई गाँव से, जब यादों के फूल !
अपनेपन में खो गया, शहर गया मैं भूल !!

शहरी होती जिंदगी, बदल रहा हैं गाँव !
धरती बंजर हो गई, टिके मशीनी पाँव !!

गलियां सभी उदास हैं, सब पनघट हैं मौन !
शहर गए गाँव को, वापस लाये कौन !!

चिठ्ठी लाई गाँव से, जब यादों के फूल !
अपनेपन में खो गया, शहर गया मैं भूल !!

बदल गया तकरार में, अपनेपन का गाँव !
उलझ रहें हर आंगना, फूट-कलह के पाँव !!

पत्थर होता गाँव अब, हर पल करे पुकार !
लौटा दो फिर से मुझे, खपरैला आकार !!

खत आया जब गाँव से, ले माँ का सन्देश !
पढ़कर आंखें भर गई, बदल गया वो देश !!

लौटा बरसों बाद मैं, बचपन के उस गाँव !
नहीं रही थी अब जहाँ, बूढ़ी पीपल छाँव !!

✍ सत्यवान सौरभ

# डॉ. नरेन्द्रकुमार जैन जी श्रुतान्वयी उपाधि के साथ आचार्य जयकीर्ति पुरस्कार से हुए पुरस्कृत

**फिरोजाबाद. शाबाश इंडिया।** श्री छदामीलाल दि० जैन मंदिर, फिरोजाबाद (उ० प्र०) में अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान (पंजी) के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्थान के राष्ट्रीय अधिवेशन एवं रजत जयंती महोत्सव में परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज, ससंघ के सान्निध्य में रविवार 29 सितम्बर, 2024 को देश के मूर्धन्य मनीषी डॉ. नरेन्द्र कुमार जैन टीकमगढ़ को आचार्य श्री जयकीर्ति पुरस्कार से भव्य समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ नरेन्द्र कुमार जैन की श्रुतसेवा, लेखन, संपादन आदि के उपलक्ष्य में उन्हें श्रुतान्वयी उपाधि से भी विभूषित किया गया। आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि धर्म और संस्कृति के संरक्षण में विद्वानों की महती भूमिका होती है। आज प्रसन्नता है कि एक सरस्वती पुत्र को यह सम्मान धर्मनगरी फिरोजाबाद में प्रदान किया गया है, भविष्य में ये इसी तरह श्रुतसेवा के साथ समाज को दिशा निर्देश देते रहें। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सम्भव प्रकाश जैन, महामंत्री अजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन,स्वागताध्यक्ष ललित जैन, संयोजक मुकेश जैन, पंडित मनोज शास्त्री आदि महानुभावों ने तिलक, माल्यार्पण, शाल आदि से सत्कार किया तथा अभिनन्दन प्रतीक समर्पित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि, श्रेष्ठि, संस्था के पदाधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। **-डॉ. सुनील जैन संचय, ललितपुर**



# सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ में दस दिवसीय आराधना महोत्सव का हुआ आगाज



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी राजस्थान की पावन धरा पर अद्वितीय द्वितीय वर्षायोग 2024 के अंतर्गत नवरात्रि एवं दशहरा महोत्सव के पावन अवसर पर दस दिवसीय आराधना महोत्सव का हुआ आगाज। प्रतिक जैन सेठी ने बताया कि आज प्रथम दिन 48 दीपकों से भक्तामर दीपार्चना करने का सौभाग्य विमल जैन निवाई, बाबूलाल जैन निवाई एवं निहालचंद बजाज चाकसू सपरिवार ने प्राप्त किया। भक्ति भावों के साथ भगवान आदिनाथ जी की आराधना कर सभी भक्तगण झूम उठे। प्रतिक जैन सेठी ने बताया कि आज की भगवान शांतिनाथ जी की शांतिधारा करने का सौभाग्य विनोद कासलीवाल पुरुलिया पश्चिम बंगाल सपरिवार में प्राप्त किया। गुरुभक्त प्लाक्षा जैन ने जन्मदिन के अवसर पर पूज्य गुरुमां का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी के साथ आहार चर्या कराने का सुअवसर चौमूंबाग समाज से प्रेमचंद बड़जात्या, अशोक जैन, शकुंतला जैन सपरिवार को प्राप्त हुआ। सभी भक्तों के सहयोग से विज्ञातीर्थ क्षेत्र का विकास आसमान की ऊंचाइयों को शीघ्र ही प्राप्त होगा। नेमिसागर कॉलोनी जयपुर जैन समाज के अध्यक्ष जे.के.जैन एवं मंत्री ने पूज्य गुरु मां का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। दूनी समाज की महिला मंडल ने क्षेत्र की वंदना करने का सुअवसर प्राप्त किया।

## जिंदगी

ऐ जिंदगी, हमको भी बता दे,
ये क्या तेरा खेल है?
विस्तार से समझा दे।

या तो रुला दे,
या तो हँसा दे।
एक बार तो हमें भी
जिन्दगी से मिला दे।

खत्म कर दे मायूसी की इस इमारत को,
हमें भी खुशियों के महल में पनाह दे।

मिटा दे इन अश्रुओं की धारा को,
हमें भी तो हँसी की फुहार में रमा दे।

हम भी हो जायेंगे कृतज्ञ तेरे,
बस हमें भी छोटी- छोटी ख्वाहिशों का तोहफा
दिला दे।

ऐ जिंदगी इक बार तो हमें भी,
जिंदगी से मिला दे।



स्वरचित
रचना शर्मा

# श्री 1008 आदिनाथ जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव पिड़ावा की पत्रिका का विमोचन समारोह इंदौर मे सानंद संपन्न

**सौरभ जैन. शाबाश इंडिया**

पिड़ावा। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आगामी 12 से 17 नवंबर को राजस्थान की धार्मिक नगरी पिड़ावा में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य पत्रिका विमोचन समारोह कार्यक्रम स्वाध्याय भवन पलाशिया इंदौर में हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि प्रतिष्ठाचार्य पंडित रजनी भाई दोशी हिम्मतनगर, मंच सम्राट पं. संजय शास्त्री कोटा, पं. तेजकुमार गंगवाल इंदौर की मांगलिक उपस्थिति एवं विजय बड़जात्या की अध्यक्षता में विमोचन समारोह संपन्न किया गया। पत्रिका विमोचन में सुशील जैन, दिलीप जैन, डॉ. अशोक जैन, पदम पहाड़िया, सुशील काला, कमल पडलिया, राजकुमार शाह, राजेश काला, जिनेश लारेल, अर्पित जैन, विनी बड़जात्या, निर्मल जैन आदि अनेक गणमान्य अतिथि एवं महिला मंडल सहित शताधिक साधर्मी भाई बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन पं. नागेश जैन पिड़ावा द्वारा किया गया। इस दौरान राकेश प्रेमी, सुखमाल जैन प्रेस, संजय प्रेमी, अक्षत प्रेमी सहित साधर्मियो उपस्थित रहे।



# नग्नता का नंगा नाच करती सोशल मीडिया



प्रियंका सौरभ

पूरा देश नग्नता के लिए फिल्मों को दोष देता है परंतु आज सोशल मीडिया (सामाजिक पटल) पर इतनी भयंकर नग्नता है कि हमारी जो भारतीय फिल्में को भी शर्म आ जाए। आज कोई भी सोशल प्लेटफार्म अछूता नहीं है फूहड़पन और नग्नता से। सोशल मीडिया के अंधे दौर में कुछ लाइक और व्यू पाने के लिए हमारे समाज की नारियों को कैसे लक्षित किया जा रहा है और उन्हें नग्नता परोसना पड़ रहा है। और वो लाइक और व्यू के आसमान में उड़ने के लिए नग्नता परोस स्वयं के मान सम्मान स्वाभिमान का सौदा आसानी से कर रही है। कुछ चप्पल छाप यूट्यूबर्स लोग केवल व्यू पाने के लिए हमारी आस्था पर इस तरह के अश्लीलता वाले थम्बनेल लगाते हैं। किससे क्या कहें? जीवन का चरमसुख अब फॉलोअर्स पाने और कमेंट आने पर निर्भर हो गया है। फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर नग्न अवस्था में तस्वीरें शेयर कर आज लड़कियां लाइक कमेंट पाकर खुद को अनुगृहित करती दिखाई देती है, मानो जीवन की सबसे अहम और जरूरी ऊंचाई को उन्होंने पा लिया हो। इस नग्नता को हम आधुनिकता के इस दौर में न्यू फैशन कहते हैं। सोशल मीडिया पर फैशन की उबाल आई तो सोशल नेटवर्क पर युवा पीढ़ी ने खुद को खूबसूरत युवतियों से पीछे पाया, फिर क्या युवकों ने खुद की नग्नता का नंगा नाच शुरू किया और कहा, मैं पीछे कैसे ? युवा अपने यौवन को दिखाते घूम रहे हैं मैं किसी से कम नहीं। ऐसे बिगड़ैल यूट्यूबर के इंटरव्यूज होना और भी अचरज की बात है। पहले के जमाने में बड़े बुजुर्ग इस तरह की हरकतों पर नकेल कसते थे। खैर जमाना आधुनिक है इस लिए समाज इसे स्वीकारता और आनंदित होता है। पर ये बहुत ही गम्भीरता से सोचने का विषय है - हमारे घरों के छोटे-छोटे बच्चे किस दिशा में जा रहे हैं। माता-पिता क्यों जानबूझ कर अनदेखा कर रहें हैं? क्यों नहीं अपने बच्चों को टाईम और संस्कार देना चाहते हैं? क्यों अपने हाथो अपने बच्चो को दलदल में धकेल रहें हैं। आजकल के माता-पिता बहुत ज्यादा मार्डन है और उन्हें नंगापन, बॉयफ्रेंड और मार्डन परिवेश बेहद आकर्षित करती है। ये आने वाली पीढ़ी और समाज के लिए घातक सिद्ध होगा। टीनएजर लड़कियों की मनःस्थिति को अपने खास मकसद के मुताबिक ढाला जा रहा है। अब तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस आभासी नग्नता के अड्डे बने हुए हैं। वल्गर रील्स और वीडियोस तो अब हर घर के टीनेजरस बना ही रहे हैं। अब तो ऐसा महसूस होने लगा है कि वैश्यावृति के अड्डे भी नये विकल्पों के साथ हवस परस्त मर्दों के लिए उपलब्ध हो गए हैं। सोशल मीडिया पर आजकल जो ये फॉलोवर बढ़ाने के लिए जो नग्नता परोसी जा रही है। क्या उसमें परोसने वाले ही दोषी हैं? क्या उसको लाइक और शेयर करने वाले दोषी नहीं हैं ? मेरे हिसाब से तो वो ज्यादा दोषी हैं। अगर हम ऐसी पोस्ट या वीडियो को लाइक शेयर करना ही बंद कर दें तो क्या ये बंद नहीं हो सकता ? आज सामाजिक विकार अपने सफर के सफलतम पड़ाव में है। रोकथाम की कोई गुंजाइश नही है। अब तो प्रलय ही इसकी गति को रोक सकती है। सोशल मीडिया में रील्स पर नग्न और अश्लील नृत्य की नौटंकी करने वाली बेटियों से निवेदन है कि चंद कागज के टुकड़ों के लिए अपने परिवार और धर्म की इज्जत तार-तार ना करो। पैसे आपको आज नृत्य के लिए नही अपितु नग्नता परोसने के लिए दिए जा रहे है ताकि पूरे समाज को एक दिन रसातल में धकेल कर नीचा दिखाया जा सके। हमारी संस्कृति ही नहीं बचेगी तो तो हमारे राष्ट्र का और आने वाली पीढ़ियों का दुर्गुणों से विनाश होने से कोई बचा नहीं सकता है। अभी समझे कि संस्कृति क्या है और इसे बचाना क्यों जरूरी है। यह हमारे राष्ट्र का स्वाभिमान है। हमें चाहिए अश्लीलता और नग्नता मुक्त समाज अपनी नष्ट हो रहे सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करें। बॉलीवुड की अश्लीलता, नग्नता और गाली गलौज से भरी फिल्मों और वेब सीरीज का बहिष्कार करें। अश्लील गाना एवं अश्लील फिल्मों का बहिष्कार करें। सोशल मीडिया में ट्वीटर, फेसबुक आदि ऐसे प्लेटफार्म हैं जिसके माध्यम से लोग अपने विचार, अभिव्यक्ति के साथ किसी महत्वपूर्ण जानकारी का प्रेषण करते हैं। किन्तु वर्तमान में इन प्लेटफार्मो मे अश्लील, आपत्तिजनक व नग्नता पूर्ण मैसेज व विज्ञापन की भरभार होने के साथ जुए जैसे खेलों को खेलने के लिए प्रोत्साहित कर सामाजिक प्रदूषण फैलाया जा रहा है। हमारे नौनिहाल, बहन बेटी भी इन प्लेटफार्मो का बहुतायत उपयोग करते है। इस प्रदूषण पर अंकुश लगवाने के लिए सभी को सोचना होगा और खुद पहल करनी होगी। आज चेतना चाहिए नहीं तो कल रास्तों में होगा नंगा नाच। आप देश का भविष्य हो, कठपुतली मत बनो। स्वच्छंदता के नाम पर फूहड़ता सोशल मीडिया के इस दौर में अपने चरम पर है। हमारी संस्कृति में स्त्री को धन की संज्ञा से नवाजा गया वो भी बहुमूल्य न कि टके बराबर। इसलिए राजदरबारो में होने वाले मुजरे भी चारदीवारो के अंदर ही होते थे। सत्य यह है की अश्लीलता को किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं ठहराया जा सकता। ये कम उम्र के बच्चों को यौन अपराधों की तरफ ले जाने वाली एक नशे की दुकान है और इसका उत्पादन आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्त्री समुदाय के साथ मिलकर कर रहा है। मस्तिष्क विज्ञान के अनुसार 4 तरह के नशों में एक नशा अश्लीलता से भी है। आचार्य कौटिल्य ने चाणक्य सूत्र में वासना' को सबसे बड़ा नशा और बीमारी बताया है। यदि यह नग्नता आधुनिकता का प्रतीक है तो फिर पूरा नग्न होकर स्त्रियां पूर्ण आधुनिकता का परिचय क्यों नहीं देती ? गली- गली और हर मोहल्ले में जिस तरह शराब की दुकान खोल देने पर बच्चों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है उसी तरह अश्लीलता समाज में यौन अपराधों को जन्म देती है। इसको किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता है। विचार करिए और चर्चा करिए या फिर मौन धारण कर लीजिए।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई




रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बुधवार को स्थानीय गांधी चौक पर मनाई गई। छावनी परिषद के मुख्य अधिशाषी अधिकारी डॉ नितिश कुमार गुप्ता व वेरिड बोर्ड सदस्य सुशील कुमार गदिया,जल एवं विद्युत फोरमेन सतीश कुमार, ओवरशियर विश्वेन्द्र, लेखाधिकारी प्रवीण कुमार, सफाई अधीक्षक रविकुमार सहित अधिकारियों व परिषद कर्मियों ने गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। मुख्य अधिशाषी अधिकारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

|| श्री चन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय नमः ||

# श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्रप्रभुजी, कूकस (आमेर), जयपुर

# वार्षिक मेला

## शनिवार-रविवार, दिनांक 5 व 6 अक्टूबर, 2024

**कूकस चलो**

**मांगलिक कार्यक्रम**

**शनिवार, दिनांक 5 अक्टूबर, 2024**
प्रातः 8.15 बजे- वृहद् शान्तिधारा
प्रातः 9.15 बजे-चन्द्रप्रभु विधान पूजन
रात्रि 8.15 बजे- रात्रि भक्ति जागरण
श्री पूनमचन्द गोधा, श्री अशोक पाण्ड्या,
श्री सुनील पाण्ड्या, श्रीमती मीनू सौगानी
श्री आयुष पाण्ड्या, श्रीमती आरूषि जैन व
श्री वीर संगीत मण्डल के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति

**रविवार, दिनांक 6 अक्टूबर, 2024**
प्रातः 8.15 बजे- वृहद् शान्तिधारा
प्रातः 9.15 बजे- चौबीस तीर्थंकर पूजन
दोपहर 3.00 बजे- मुनिश्री का प्रवचन
दोपहर 3.30 बजे- जिनेन्द्र कलशाभिषेक
सायं 4.30 बजे- सामूहिक गोठ

परम पूज्य चर्या शिरोमणि आचार्य
श्री 108 विशुद्धसागर जी महामुनिराज
के परम प्रभावक शिष्य

पावन सान्निध्य...



परम पूज्य क्षमण
मुनि श्री 108 समत्व सागर जी
शीलसागर जी
महाराज

...मुख्य अतिथि...
**श्री सुधान्शु जी - ऋतु जी कासलीवाल**
अध्यक्ष, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी

...अध्यक्षता...
**श्री सुधीर जी - इन्द्रा जी जैन, एडवोकेट**
अध्यक्ष, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा पद्मपुरा, जयपुर

...विशिष्ट अतिथि...
**श्री पारस जी जैन 'आगरावाले'**
समाजसेवी

...विशिष्ट अतिथि...
**श्री सत्येन्द्र जी - रेखा जी जैन**
समाजसेवी

...गौरवमयी सम्मान...
**वास्तुविद् श्री राजकुमार जी कोठ्यारी**
अध्यक्ष, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी - राजस्थान

## श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री चन्द्रप्रभुजी, कूकस (आमेर-जयपुर)

- अध्यक्ष - बाबूलाल बाकलीवाल 94603-80440
- कार्याध्यक्ष - सुनील कुमार पहाड़िया 98290-19610
- उपाध्यक्ष - पदमचन्द संघी 98290-56198
- उपाध्यक्ष - अरुण कोड़ीवाल 99509-95883
- संयुक्त मंत्री - अखिलेश गंगवाल 94140-44492
- कोषाध्यक्ष - सुरेन्द्र कुमार जैन 93517-15386
- मंत्री - प्रदीपकुमार गोधा 86969-49128

- सदस्य - राजकुमार कोठ्यारी 94140-48432
- सदस्य - इन्द्रकुमार जैन 98291-60927
- सदस्य - दीपेश छाबड़ा 98290-26332
- सदस्य - मोहनलाल बूचरा 98290-19610

निमंत्रण

- सहवृत सदस्य - राकेश छाबड़ा 86969-01634

मेला संयोजक
- सहवृत सदस्य -
केशव गोदीका (अज्जू)
94140-56066

- सहवृत सदस्य - राहुल बाकलीवाल 94146-06597

निमंत्रण

**विनीत : सकल दिगम्बर जैन समाज, जयपुर (राज.)**

मेला समिति सदस्य :- दिनेश पाटनी (जिन्नू) • योगेश टोडरका • सुरेश भौंच • प्रदीप ठोलिया • अरुणेश गंगवाल
सुनील पाटनी 'मोहनबाड़ी' • मनोज बाकलीवाल • सौरभ गोधा • संजय पाण्ड्या • मयंक भौंच • अतुल बोहरा • गौरव छाबड़ा

# धर्म जागृति संस्थान, राजस्थान द्वारा आचार्य वसुनन्दी मुनिराज के अवतरण दिवस पर किया जरूरतमंदों को भोजन वितरण

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान - राजस्थान प्रान्त द्वारा परम पूज्य अभीक्षण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महामुनिराज के 57वें अवतरण दिवस पर प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के नेतृत्व में असहाय, गरीब, निशक्त और जरूरतमंद लोगों को जे के लोन हॉस्पिटल के बाहर शाम को निशुल्क भोजन वितरण किया गया। संरक्षक राकेश माधोराजपुरा व महामंत्री सुनील पहाड़िया ने बताया की शुद्ध शाकाहारी भोजन स्वयं ने तैयार करा कर जे के लोन के गेट के पास दो सो से भी अधिक व्यक्तियों को साफ पत्तल दोने में शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका की गरिमामय उपस्थिति में वितरित किया गया। भोजन वितरण में संस्थान के भाग चंद मित्रपुरा, राजीव लाखना, पंकज लुहाड़िया, कमल दीवान, महेश काला, महेंद्र बसवा, सिद्ध जैन मुकेश, बजरंग आदि ने सहयोग किया।





# नवरात्र महोत्सव के शुभारम्भ पर बरगमां में निकली भव्य कलश यात्रा



**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर जी। निकटवर्ती स्थित बरगमा गांव में नवरात्र महोत्सव के शुभारम्भ के उपलक्ष्य में श्री नाहरसिंह बाबा पठान बाबा ट्रस्ट बरगमाँ द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के आरम्भ से पहले सुबह मंदिर पर पूजन के बाद प्रधान कलश, पंचामृत कलश, प्रधान ध्वजा तथा सम्पूणार्हुति की बोलियां लगाईं। जिसमें प्रधान कलश की बोली डॉ. सुशील जाट निवासी बरगमाँ के नाम रही तथा सम्पूणार्हुति की बोली कैलाश चंद गुप्ता बरगमाँ वाले निवासी हिण्डौन के नाम रही। कलश यात्रा में महिलाओं के अलावा बुजुर्ग, युवा व बच्चों ने भाग लिया। बैंड-बाजे से निकाली गई कलश यात्रा में बच्चे सबसे आगे प्रधान ध्वजा व अनेक धर्म ध्वजा लेकर चले, महिलाएं रंग बिरंगी साड़ियां पहनकर सिर पर मंगल कलश ले भजनों की धुन पर नाचते हुए चल रही थीं, युवा बाबा के जयकारे लगाकर आकाश को गुंजायमान कर रहे थे। रथ पर नाहरसिंह बाबा व पठान बाबा के चित्रपट के साथ भारती बाबा विराजे। यात्रा नाहरसिंह बाबा मंदिर से प्रारम्भ होकर गांव के मुख्य परिक्रमा मार्ग से होकर पुनः मंदिर पर पहुंची। रास्ते में ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह शरबत और जलपान कराया गया, दीनबंधु सेवा समिति की ओर से भी शरबत पिलाया गया। कलश यात्रा में गांव के लोगों के अलावा बाहर से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ट्रस्टियों ने बताया कि यह नवरात्र महोत्सव दशहरा तक चलेगा। दशहरा के दिन हवन के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।



# अग्रसेन जयन्ती महोत्सव-2024 का हुआ भव्य आयोजन, निकली भव्य शोभायात्रा









**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अग्रवाल समाज सेवा समिति, प्रताप नगर, सांगानेर द्वारा 3 अक्टूबर, गुरूवार को अग्रसेन जयन्ती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समिति अध्यक्ष डॉ. लोकेश गुप्ता ने बताया कि प्रातः 7 बजे श्री पिंजरापोल गोशाला के सामने श्योपुर रोड पर श्री अग्रसेन जी महाराज की पूजा अर्चना के पश्चात शोभायात्रा प्रारम्भ हुई,जो विभिन्न मार्गों से होकर प्रातः 10 बजे इण्डियन ओवरसीज स्कूल प्रांगण मे महा आरती के साथ सम्पन्न हुई। समिति के महासचिव भगवान सहाय सिंघल ने बताया कि शोभा यात्रा मे श्री अग्रसेन जी ,माधवी जी,महालक्ष्मी जी और अग्रकुल के अठारह राजकुमारों की सजीव झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। साथ ही घोड़े, ऊंट, बघ्घी,बैण्डबाजा आदि यात्रा की शोभा बढा रहे थे। शोभायात्रा में अग्रबंधुयों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो.श्याम मोहन अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, राजनीति शास्त्र, समाजसेवी जेठमल अग्रवाल, जी पी गुप्ता,निदेशक इण्डियन ओवरसीज स्कूल थे। प्रचार सचिव हर्षित गर्ग ने बताया कि जयन्ती महोत्सव के दौरान 6 अक्टूबर ,रविवार को शिवम गार्डन मे मुख्य कार्यक्रम सहभोज के साथ सम्पन्न होगा। जिसमें महिलाओं और बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगीं। एवम विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। समिति संयुक्त सचिव डॉ. अरूण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर समाज के अग्रबन्धुओं की एक परिचय ई-निदेशिका का भी लोकार्पण किया जावेगा। इस ई-निदेशिका मे प्रताप नगर, सांगानेर में निवासरत अग्रवाल परिवारों के सदस्यों की सारगर्भित जानकारी शामिल की गई है। ई-निदेशिका का सम्पादन कार्य समिति के संरक्षक एम.एल.अग्रवाल के सानिध्य मे किया जा रहा है। साथ ही डॉ. अरूण गुप्ता ने बताया कि मुख्य समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएंगे और विजाताओं को पुरस्कार प्रदान किये जायेगें। उन्होंने बताया कि समारोह में समस्त कार्यकारिणी, महिला मंडल एवम नवयुवक मण्डल की भी सक्रिय सहभागिता रहेगी।





# प्रथम नवरात्रा से शुरू होगा सेवा का सिलसिला

## सालासर व पल्लू जाने वाले यात्रियों के लिए लगेंगे भंडारे

**नरेश सिगची. शाबाश इंडिया**



रावतसर। क्षेत्र में सेवा का सिलसिला पुनः शुरू होने जा रहा है सालासर एवं पल्लू जाने वाले पद यात्रियों के लिए भंडारो की तैयारी शुरू कर दी गई है। नवरात्रों के शुभारंभ के साथ भंडारों का शुभारंभ हो जाएगा। इन भंडारों में न केवल पैदल यात्रियों बल्कि साइकल यात्रियों एवं अन्य श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने,नहाने,विश्राम करने तथा नाश्ते, मेडिसिन वगैरा की व्यवस्था की जाएगी। श्री बालाजी सालासर पैदल यात्रा सेवा समिति गांव डंगरखेड़ा अबोहर पंजाब के सेवादार विजय कुमार कारगवाल ने बताया कि 3 अक्टूबर से रावतसर से करीब 8 किलोमीटर दूर गांव धन्नासर से पहले समिति द्वारा विशाल भंडारा शुरू किया जाएगा। कारगवाल ने बताया कि भंडारे में शुद्ध देसी घी का उपयोग किया जाता है। कारगवाल के अनुसार भंडारे में खाना,नाश्ता,चाय दूध के साथ-सा,थ ठहरने,नहाने की माकूल व्यवस्था की जाएगी। सालासर पैदल यात्रा सेवा समिति गांव डंगरखेड़ा पंजाब का इस बार चौदहवां विशाल भंडारा है। भंडारे में व्यवस्थाएं संभालने के लिए करीब सत्तर सेवाभावी लोगों की टीम पहुंचेगी। रावतसर से पल्लू के मध्य दर्जनों की संख्या में भंडारे लगाए जाते हैं। हनुमानगढ़ से रावतसर के बीच भी अनेक भंडारे लगते हैं। श्राद्ध पक्ष समाप्त होते ही नवरात्रों में समूचा क्षेत्र राममय प्रतीत होने लगेगा। हाथों में ध्वजा लिए चारों तरफ पद यात्रियों के झुंड ही झुंड नजर आने लगेंगे। शहर की सभी धर्मशालाएं इन पद यात्रियों से खचाखच भर जाएगी। सेवाभावी लोग सालासर व पल्लू जाने वाले पद यात्रियों की सेवा करते नजर आएंगे - कई स्थानों के लोग संघ बनाकर चलते हैं और खाने-पीने व नहाने,धोने की व्यवस्था साथ लेकर चलते हैं। लेकिन अधिकांश यात्री महज दो-चार सौ रुपए जेब में रखकर बाबा बजरंगबली की लाल ध्वजा लेकर चल पड़ते हैं तो सिर्फ उन सैकड़ो भंडारों के भरोसे जहां उनके लिए भोजन आवास की एक से एक बढ़कर व्यवस्था रहती है। नहाने का गर्म पानी, साबुन, तेल, कांगे , शीशे से लेकर अंडरवियर , बनियान और तौलिऐ तक का इंतजाम वहां रहता है। भोजन में देसी घी की मिठाई, दाल, सब्जी, चपाती, चावल, सलाद की एक ऐसी व्यवस्था होती है कि बहुत से यात्री ऐसा खाना अपने घर पर भी नहीं खाते होंगे। सबको प्रेम से भोजन परोसा जाता है। रास्ते में शीतल जल की बोतलों का निशुल्क वितरण होने से प्यास लगने पर कहीं भटकने की जरूरत नहीं रहती। भंडारों में पैदल यात्रियों के लिए भोजन व आवास के साथ-साथ चिकित्सा एवं दवाइयां की भी उत्तम व्यवस्था रहती है। जरूरत पड़ने पर भंडारों में योग्य डॉक्टर सेवा देते हैं। पद यात्रियों के पैरों में पढ़ चुके छालो की मरहम पट्टी की जाती है। सेवाभावी लोग यात्रियों के पांवों की मालिश करते और उनके पांव दबाते हैं।

**लगते हैं मोबाइल भंडारे भी:** रावतसर से सरदारशहर सड़क पर मोबाइल भंडारे भी लगते हैं जिनमें पानी, कोल्ड ड्रिंक , नाश्ते आदि की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए की जाती है।

**पंजाब हरियाणा से आते हैं भंडारे लगाने वाले -** यहां पर पंजाब और हरियाणा से भी धर्म परायण लोग भंडारे लगाने आते हैं। हरियाणा के आशा खेड़ा, पीर खेड़ा, ऐलनाबाद, तलवाड़ा खुर्द, चौटाला, गोरीवाला, बाहिया, पंजाब के डंगर खेड़ा, चौबड़िया वाली, मलोट, अजीमगढ़, सईदा वाली, गिद्दड़बाहा, अबोहर, खुई खेड़ा, बनवाला, हनवंता, रामा मंडी,हरिपुरा, आजमगढ़, कटेड़ा और आजमवाला गांव के लोग सेवा के लिए पहुंचते हैं। श्रीगंगानगर के बिझबायला, अनूपगढ़ व हनुमानगढ़ व अन्य स्थानों से आए सेवादार बड़े-बड़े भंडारे लगते हैं। क्षेत्र के जागरूक लोगों ने भंडारा संचालकों से भंडारों के आगे फेलने वाले डिस्पोजल कचरे का साथ ही साथ निस्तारण करवाने की मांग की है।

# महिला सशक्तिकरण आधारित दो दिवसीय सृजन का होगा आयोजन

## महिलाओं को सशक्त करके आगे बढ़ाएंगे : ममता मोदानी

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**




भीलवाड़ा। सृजन संस्था, भीलवाड़ा द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर दो दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 5 व 6 अक्टूबर को किया जाएगा। प्रेस वार्ता में सृजन संस्था की अध्यक्षा ममता मोदानी ने बताया कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महेश छात्रावास में पहली बार राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। दोनो दिन कार्यक्रम में प्रवेश सभी के लिए निशुल्क रखा गया है,गरबा डांडिया नाइट में श्रेणी अनुसार पास व्यवस्था रखी गई है ।सृजन संस्थान की साक्षी मोदानी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सृजन संस्था महिला सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है तथा पिछले 4 सालों में अनेक छोटे-छोटे कार्य महिला सशक्तिकरण के लिए किए हैं । सृजन संस्थान द्वारा भीलवाड़ा में पहली बार इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य दो दिवसीय कार्यक्रम के द्वारा जमा राशि महिला विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में लगाया जाएगा जिनमें प्रमुख रूप से हाथ करगा मशीन खरीदी जाएगी तथा उन मशीनों पर महिलाओं को प्रशिक्षित तथा सशक्त किया जाएगा ।इस संस्थान में पूरे भारत में कई प्रोफेशनल महिलाए कार्य कर रही है ।दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक 5 अक्टूबर को महेश छात्रावास में आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि भीलवाड़ा जिला कलेक्टर नामित मेहता तथा उद्योगपति एवं समाजसेवी रामपाल सोनी,भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठरी,सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

# जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ के 21 वे स्थापना दिवस को 21 सामाजिक कार्यक्रम करके मनाया जायेगा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे सामाजिक कार्यक्रम की श्रृंखला मे आज पहले दिन ग्रुप सचिव विशुतोष-नीति चाँदवाड़ के सौजन्य से पिकॉक गार्डन, मालवीय नगर मे कबूतरो को दाना खिलाया। ग्रुप अध्यक्ष सुनील सोगानी ने बताया कि 5 अक्टूबर 2003 मे ग्रुप की स्थापना हुई थी इस उपलक्ष्य मे, 21 वर्ष सफलता पूर्वक पुरे होने पर 21 सामाजिक कार्यक्रमो का पखवाड़ा मनाया जायेगा जो कि 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक रहेगा। ग्रुप सचिव विशुतोष चाँदवाड़ एवं सामाजिक कार्यक्रमो के मुख्य संयोजक अजय बड़जात्या ने बताया इस पखवाड़े मे कबूतरो को दाना, गौशाला मे गायो को चारा, अपना घर आश्रम, वर्द्ध आश्रम, बालिका आश्रम, हॉस्पिटल मे मरीजों को फल, भोजन वितरण, कच्ची बस्ती मे फल कपड़ो का वितरित आदि सामाजिक कार्यक्रम किये जाएंगे।

# 28वां नवान्ह पारायण महोत्सव में गूंजी बालकांड की चोपाइयां



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नवरात्रा के अवसर पर श्री राधे रानी प्रभातफेरी मंडल के तत्वावधान में 28वां नवान्ह पारायण महोत्सव गुरुवार से नेहरु नगर स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में शुरू हुआ। इस दौरान बालकांड की 120 चोपाइयां से आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। पाठ 11 अक्टूबर तक चलेंगे। आयोजन से जुड़े जुगल किशोर गुप्ता व मोहन लाल अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर व्यासपीठ से रामस्वरूप नाटाणी ने श्रीरामचरित मानस की बालकांड की 120 चोपाइयां के पाठ किए जो 251 आसनों पर हुए। इस दौरान कथा प्रसंग के तहत आकर्षक झांकियां सजाई गई, जो सभी के बीच आकर्षण का केन्द्र रही।

# श्री श्याम सलौना रंगीला मंडल का चतुर्दशम वार्षिकोत्सव

## सजा बाबा का दरबार, कलाकारों ने दी सुंदर भजनों की प्रस्तुति



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री श्याम सलौना रंगीला मंडल के बैनर तले 14वां वार्षिकोत्सव झोटवाड़ा, निवारू रोड स्थित नेताजी की चक्की पर आयोजित किया गया। इस मौके पर जहां बाबा का सजा दरबार भक्तों के बीच आकर्षण का केन्द्र रही, वहीं बाबा के दरबार में मेरी बिगड़ी मेरा बाबा ही बनाएगा...बली-बली बजरंग बली...जैसे भजनों पर श्रद्धालुओं को खूब झुमाया। मंडल के कोषाध्यक्ष महिपाल यादव ने बताया कि वार्षिकोत्सव का शुभारंभ खाटू बाबा की आरती से हुआ। इस मौके पर ठाकुर जी का विशेष श्रंगार किया जो सभी के बीच आकर्षण का केन्द्र रहा। इस दौरान आसपास का क्षेत्र बाबा की मस्ती में झूमता नजर आया। इस दौरान बाबा के दरबार में ख्यातप्राप्त भजन गायिका उमा लहरी ने मेरी बिगड़ी मेरा बाबा ही बनाएंगा...जैसे ही भजनों की यह पंक्तियां गाना शुरू की वैसे ही कार्यक्रम स्थल पर बैठे श्रद्धालु श्यामधणी के जयकारे लगाते हुए भक्ति की मस्ती में झूम उठे। इस मौके पर ग्वालियर के मनोज शर्मा ने कान्हा की दीवानी बन जाउंगी...फतेहाबाद की परविन्दर पलक ने हारे के सहारे आजा, तेरा दास पुकारे आजा...हम तुम्हारे थे प्रभु...जैसे भजन सुनाए। इस अवसर पर कुमार गिरिराज, राज राठौड़ व गोपाल सैन सहित अन्य कलाकारों ने मैं निर्धन तू सेठ सांवरा...श्याम सांवरे ओ मेरे श्याम सांवरे...जैसे भजनों से बाबा को रिझाते दिखाई दिए। इस मौके पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के महंत व विधायक बालमुकुंदाचार्य, जयपुर नगर निगम हैरिटेज की कार्यवाहक मेयर कुसुम यादव, विभिन्न मंदिरों के संत-महंत, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# महासाध्वी कंचनकुंवरजी म.सा. के सानिध्य में महामंगलकारी नवग्रह जाप का आयोजन शुरू




**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। श्रमण संघ के प्रथम युवाचार्य पूज्य श्री मिश्रीमलजी म.सा.ह्यमधुकरह्न के प्रधान सुशिष्य उप प्रवर्तक पूज्य विनयमुनिजी म.सा.'भीम' की आज्ञानुवर्तिनी शासन प्रभाविका पूज्य महासाध्वी कंचनकुंवरजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में बापूनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में गुरूवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर 9 दिवसीय महामंगलकारी नवग्रह जाप का आयोजन शुरू हुआ। इसके तहत प्रत्येक दिन सुबह 8.40 बजे से नवग्रह जाप पूज्य महासाध्वी मण्डल के सानिध्य में होगा। जाप के बाद प्रवचन का आयोजन होगा। नवरात्र के पहले दिन नवग्रह जाप में कई श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए। प्रखरवक्ता साध्वी डॉ. सुलोचनाश्री म.सा. ने कहा कि नवग्रह जाप जीवन के विध्न बाआओं को दूर करने के साथ सुख शांति लाता है। इस जाप को शुद्ध भावों के साथ करने वालों की मनोकामना पूर्ण होती है। नवग्रह जाप के माध्यम से धर्म की भक्ति से व्यक्ति जुड़ कर्म निर्जरा भी करते है। प्रथम दिन के जाप के लाभार्थी कमलेश मुणोत परिवार रहा। धर्मसभा में इरोड से पधारे सुभाषजी कांकरिया एवं रेखा कांकरिया का स्वागत श्रीसंघ द्वारा किया गया। श्रीसंघ के मंत्री अनिल विश्लोत ने बताया कि महासाध्वी कंचनकंवरजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में 5 अक्टूबर को युवाचार्य महेन्द्रऋषिजी म.सा. की जयंति मनाई जाएगी।

# भगवान महावीर के जयकारों के बीच श्रीमहावीर जी के लिए 77वीं पदयात्रा रवाना



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर के सिद्धांतों व अहिंसा शाकाहार के प्रचार -प्रसार व जैन धर्म की प्रभावना के लिए श्रीमहावीर जी के लिए 77वीं पदयात्रा गुरुवार को आगरा रोड स्थित संघी जी की नसिया से रवाना हुई। इस दौरान आसपास का क्षेत्र भगवान महावीर के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। पदयात्रा के संरक्षक ताराचंद बैद व प्रचार प्रसार संयोजक महेश बाकलीवाल ने बताया कि शाम 4 बजे पदयात्रा को संरक्षक ताराचंद बैद एवम राजकुमार कोठारी ने ध्वज दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा में काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। पदयात्रा के संयोजक मंगलेश जैन (मटरू) ने बताया कि इस बार पदयात्रा में भगवान महावीर के जयकारों के बीच 105 पदयात्री शामिल होंगे जो जगह-जगह भगवान महावीर की सिद्धांतों की पताका फहराएंगे। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा 4 को मोहनपूरा 5 को दोसा भांडारेज 6 को गूड़ाचंद्र जी 7 को नादोती होते हुए 8 को महावीर जी पहुंचेगी, जहां विशाल जुलूस के साथ पदयात्री भगवान महावीर के सामूहिक दर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि महावीर दिगंबर जैन पदयात्रा संघ ने सन् 1947 में जब देश को आजादी मिली, उसी आजादी की खुशी में जैन समाज ने इस पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। 1947 में प्रथम बार अहिंसा व शाकाहार का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से यह पदयात्रा आरंभ हुई थी।

# लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल ने किया विशिष्ट जनों का सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिनांक 3.10.24 , सेवा सप्ताह का दूसरा दिन। आज लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा विशिष्ट जन सम्मान समारोह के तहत महेंद्र सिंह चौधरी,रिटायर्ड ए. जी. एम. रीको व पत्नी कल्पना चौधरी, मुकेश पटूना, स्वास्थ्य निरीक्षक, नगर निगम ग्रेटर जयपुर, हिमांशु जैन पार्षद, वार्ड नं.142, प्रकाश चंद जैन, श्रीमती भावना जैन,समाज सेविका का दुपट्टा, माला, व मोमेन्टो से सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम रेस्टोरेंट पिंच ऑफ साल्ट में आयोजित किया गया, जिसमे जोन चेयरपर्सन ला. महादेवी आर्य द्वारा लायंस क्लब के सेवा कार्यों के संबंध में अवगत कराया गया।पार्षद महोदय द्वारा क्लब के सेवा कार्यों की प्रशंसा की गई। स्वास्थ्य निरीक्षक मुकेश द्वारा क्लब की सेवा गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में क्लब को ऊंचाइयों तक ले जाने हेतु शुभकामनाएं दी गई। उक्त कार्यक्रम में सेवा सप्ताह कोडीनेंटर विजिया कोठारी , पी.एस. टी. टीम सहित अन्य कई सदस्याओं की उपस्थिति रही।

# जन साहित्य चेतना विचार मंच 'के कार्यक्रम में याद किए गये गाँधी और शास्त्री




**कोलकाता. शाबाश इंडिया।** कोलकाता महानगर की सामाजिक और साहित्यिक संस्था 'जन साहित्य चेतना विचार मंच 'के कार्यक्रम में शामिल हिन्दी वरिष्ठ शिक्षक ओम प्रकाश चौबे ने कहा कि इन दोनों महापुरुषों ने देश को एक नई दिशा देने का काम किया। हिन्दी वरिष्ठ शिक्षक कालिका प्रसाद उपाध्याय 'अशेष ' ने कहा कि गाँधी जी के सत्य-अहिंसा के आदर्शो का अनुसरण करते हुए देश उनके पदचिन्हों पर चल रहा है। अंग्रेजी के वरिष्ठ शिक्षक रामअवतार सिंह ने कहा कि गाँधी व शास्त्री देश की आजादी से लेकर आज तक भी उनके सिद्धांत प्रासंगिक हैं। गाँधी के परम भक्त वरिष्ठ साहित्यकार रामनारायण झा 'देहाती' ने अपने विचार व्यक्त किए।इस नवरात्र के शुभ अवसर पर चुनिन्दा रचनाकारों में धर्म देव सिंह, मंजू मुखर्जी, जवाहरलाल साव फौजिया अख्तर 'रिदा', अयाज खान 'अयाज ',परवेज अख्तर, डॉ शाहिद फरोगी, दिनेश कुमार धानुक ने कविताएं सुनाकर खूब तालियां बटोरी।समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार चन्द्रिका प्रसाद पाण्डेय 'अनुरागी 'मुख्य अतिथि मौसमी प्रसाद मंच पर सुशोभित थीं। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप कुमार धानुक व संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक दिनेश कुमार धानुक ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

**प्रदीप कुमार धानुक**
**74398-82266**

## गाँधी जयंती पर विशेष

# वॉकल फॉर लोकल को मिली पहचान

### हथकरघा से ग्रामीणों को मिला हुनर व रोजगारः सैनी

**आवां. शाबाश इंडिया**



कस्बे में संचालित विद्याशीष हथकरघा अपने बेहतरीन स्वदेशी उत्पाद देने के साथ युवाओं को रोजगार व स्वालम्बन की सीख दी रहा है। गांधी जयंती व भाजपा के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत पूर्व कृषि मंत्री व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रभु लाल सैनी ने आवां स्थित इस हथकरघा उद्योग का अवलोकन कर हस्तशिल्प की बारीकियां परखी। पूर्व मंत्री ने कारीगरों का मनोबल बढ़ाते हुए उपस्थित जनसमुदाय से कहा कि इस प्रकार के कुटीर व ग्रामीण उद्योगों से प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के वॉकल फॉर लोकल मिशन को पंख मिले हैं। अभियान को नई पहचान मिल रही है। इस हथकरघा उद्योग ने ग्रमीणों के युवाओं को रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध करवा कर कपड़े बनाने के हुनर से प्रशिक्षित किया है जो महात्मा गांधी के स्वदेशी अभियान व कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। संस्थान के निदेशक आशीष जैन ने बताया कि मुनि सुधासागर महाराज की प्रेरणा से व मेरे पिता अशोक जैन के मार्गदर्शन में 2017 में स्थापित इस हथकरघा में राज्य भर के बुनकरों को प्रशिक्षित करने के साथ टॉवल,साड़ी, बेडशीट,दुपट्टा, जुटबेग, कुर्ता, शर्ट की कई उन्नत किस्में बनाई जा रही है जिसकी एक्सपो और बुटीक डिजाइनें देश व विदेश में बहुत पसन्द की जा रही है। यहां उत्पादित हस्तनिर्मित कपड़ों को राजस्थान के विभिन्न शहरों के साथ महाराष्ट्र, गुजरात व मध्यप्रदेश में निर्यात किया जा रहा है। जैन ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर पूर्व मंत्री सैनी इस केंद्र के निरीक्षण व अवलोकन के लिए आए, जहाँ उन्होंने कपड़ा बना रहे कारीगरों से विचार साझा करने के साथ मशीनों पर बैठकर इस तकनीक की बारीकियां समझी तथा चरखा चलाकर धागा भी बुना। केंद्र पर उत्पादित कपड़ों की गुणवत्ता परख सराहना भी की। भाजपा के स्वच्छता व सेवा पखवाड़े के तहत हथकरघा परिसर के साथ निकट परिवेश की सफाई भी की तथा स्वास्थ्य के बारे में जन जागृति लाई गई। इस मौके पर मांगीलाल बलाई, दीनबन्धु धाकड़, प्रकाश जैन, घासीलाल बलाई सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।












# क्षमा और मिलन का अनूठा संगम

## धूमधाम से आयोजित हुआ केसरीया जैन गरबा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल राजस्थान द्वारा आयोजित ₹अनूठा संगम क्षमा और मिलन₹ कार्यक्रम, जो रंगारंग डांडिया एवं केसरीया जैन गरबा के साथ मनाया गया, अंचल अध्यक्ष शकुंतला बिंदायका ने बताया कि कार्यक्रम जयपुर के महावीर स्कूल, सी-स्कीम में महाराज श्री प्रणंम्य सागर जी महाराज के आशिर्वाद से भव्य तरीके से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में चित्र अनावरण कर्ता महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र मृदुला पांड्या रहे। दीप प्रज्वलन डॉक्टर शिवांगी जैन, इंद्रा जैन के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शशि सोगानी अतुल सोगानी रहे। राष्टीय युवा महामंत्री मनीष बेद की भी गरिमा मैं उपस्थित रहीं। महावीर बिन्दायका, रमेश गंगवाल, राजेश बड़जात्या, नीरज जैन, इंद्र कुमार जैन, मोहनलाल गंगवाल, धीरज जैन, पवन जैन, भागचंद मित्रपुरा वाले, विमल जैन जोला वाले, सुरेश जैन बांदीकुई एवं अन्य कई गणमान्य अतिथियों की गरिमामई उपस्थिति रही। महावीर बाकलीवाल मंत्री महासमिति, रमेश सौगानी कोषाध्यक्ष, वंदना सेठी आशा पापड़ीवाल अनीता रमेश मूंदड़ा अंजू जैन की उपस्थिति से मंच गोरवान्वित रहा। अंचल कोषाध्यक्ष उर्मिला जैन के अनुसार पूरे कार्यक्रम को शानदार तरीके से व्यवस्थित रूप देने में श्रीमती शीला जैन, अनीता जैन, सरोज जैन, मीना चांदवाड़, पूनम जैन, स्नेह लता, सुलोचना जैन, बीना शाह, मधु पांड्या, सुनीता भोंच, अर्चना जैन, रचना बैद का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने इसे और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में केंद्रीय समिति द्वारा राजस्थान अंचल अध्यक्ष शकुंतला जी बिंदायका को नारी गोरव सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। समारोह में चाकसू इकाई, उनियारा इकाई, टोंक संभाग ,अलीगढ़ नगर, प्रताप नगर सेक्टर 17, सेक्टर 8 सांगानेर फोर्ट आदि ने प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की रोचकता में चार चांद लगा दिए । समारोह में कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जिसमें निर्णायक शशि सेन जैन के एवं सीमा जैन के द्वारा ''बेस्ट डांडिया ड्रेस'', ''बेस्ट डांडिया डांस'', और ''बेस्ट डांडिया कपल डांस एवं बेस्ट सजा हुआ डांडिया'' के लिए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। डांडिया का दीप प्रज्वलन




श्रीमती बीना प्रदीप जैन बाकलीवाल सांगानेर के द्वारा किया गया। इसके साथ ही, 'लकी ड्रॉ' और बगरू इकाई के द्वारा खिलाई गई ''चटपटी रंग-बिरंगी हाऊजी'' जैसे रोचक खेल भी आयोजन का हिस्सा रहे। पदम बिलाला को भी श्रावक रत्न के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने परंपरागत परिधान धारण कर गरबा और डांडिया खेला। पूरे आयोजन के दौरान जोश और उत्साह की लहरें देखने को मिलीं, और आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। अंचल महामंत्री श्रीमती सुनीता गंगवाल ने शानदार मंच संचालन कर पूरे प्रांगण में समा बांधे रखा महासमिति महिला अंचल अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला बिन्दायका के कुशल नेतृत्व की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

# अहमदाबाद के संयम भाई ने ग्रह त्याग किया, निकली भव्य बिनोली यात्रा व गोद भराई









**सागर. शाबाश इंडिया**

किसी फिल्म का हीरो जब सामान्य होता हैं तो उसे देखने की लोगो में दिलचस्पी कम होती हैं लेकिन फिल्म का हीरो जब कोई खास बन जाता हैं तो उसे देखने लोग टूट पड़ते हैं,, जी हां खबर गुजरात से है, अहमदाबाद के संयम भाई ने जब निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के श्रावक संस्कार शिविर के लगातार 3 सत्र पूरे किए तो उन्हें अहसास हुआ कि जीवन का सार त्याग है त्याग से ही व्यक्ति ऊपर उठता है और उन्होंने पूज्यवर के चरणों मे बैठ कर ग्रह त्याग की आज्ञा मांगी और पूज्यवर के चरणों की शरण, गुरुदेव का आशीर्वाद दीक्षा दिवस के पावन अवसर पर मिला और आशीर्वाद मिलते ही वे बन गए गुजरात,अहमदाबाद के हीरो, वह हीरो जो मोक्ष मार्ग पर चलने के लिये लालायित था और उस मार्ग का अनुसरण करने तत्पर था जिसे तीर्थंकरों ने बनाया हैं। संयम भैया के ग्रह त्याग की घोषणा होते ही अहमदाबाद नगर के लोग उनके पुण्य की अनुमोदना करना चाहते और उनका सम्मान करना थे,,, सबका मन था की अपने अपने मंदिर में बुलाकर सम्मान आदि करें,,,लेकिन संयम भैया की पुण्य के सामने यह बहुत कम था,,जिस समय घोषणा हुई थी तब जितेन्द्र जी शास्त्री सहित 100लोग अहमदाबाद से सागर मे उपस्थित थे,,शास्त्री जी ने गुरु जी के नाम की शक्ति से मन में निश्चय कर लिया था की एक कार्यक्रम अहमदाबाद स्तर का होगा,,और सम्यक ज्ञान प्रभावना समिति ने इस आयोजन का बीड़ा उठाया और बिनोली एवं गोद भराई के कार्यक्रम की प्रस्तावना बनी संयोजना हुई और बीते कल वह दिन भी हुआ जब भाई संयम की बिनोली यात्रा शहर की व्यस्ततम सड़को पर चल पड़ी,, आयोजको ने 1000 लोगो की व्यवस्था बनाई थी आयोजन स्थल भी खुले आसमान के नीचे था चारो ओर गजब की सुंदरता की गयी थी तभी अचानक इंद्रदेव भी मचल गए और जल बृष्टि करने लगे आयोजक घबरा गए तुरन्त गुरुदेव के पास खबर पहुचाई , आशीर्वाद लिया,, गुरुदेव ने कहा सब ठीक होगा,, शायद गुरुदेव जानते थे कि भाई संयम के चरणों को पखारने के लिये इन्द्रदेव जल बृष्टि करने लगें हैं उसके बाद वे खुद व खुद चले जायेंगे,, ऐसा ही हुआ जल बृष्टि बन्द हुई मौसम खुशनुमा हो गया और आयोजन अपनी पूर्ण सफलता के साथ सम्पन्न हुआ जहां 1000 लोगो की व्यवस्था थी वहां 2000 से भी अधिक व्यक्ति मौजूद रहें ,मुख्य अथिति के रूप में सोभाग मल कटारिया, अहमदाबाद दरियापुर के विधायक कौशिक भाई, जिनेन्द्र कुमार, विनय भाई नवकार अजीत कुमार आदि समेत 1500 लोगो ने संयम भाई की औली भर उनके त्याग की अनुमोदना की। पूज्य गुरुदेव अनन्य भक्त पं जितेंद्र शास्त्री के निर्देशन और पूज्य गुरुदेव निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद से शुरू हुआ यह आयोजन समूचे अहमदाबाद ही नही गुजरात मे भी चर्चा का विषय बना रहा,,, कुछ लोग यह भी चर्चा करते दिखे कि ब्रह्मचारी बनने पर बिनोली कैसी तो उन्हें बताना चाहता हूं कि आचार्य श्रेस्ठ गुरुदेव श्री विद्यासागर जी महाराज के संघ का प्रत्येक ब्रह्मचारी जो ग्रह त्याग कर संघ में प्रवेश पा लेता हैं किसी मुनि की चर्या से कम चर्या का पालन नही करता अतिश्योक्ति न होगी यदि यह कहा जाए कि सिर्फ वेश पर ध्यान न दे तो मुनि के बराबर ही त्यागी होते हैं, जब से निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने आचार्य श्री की आज्ञानुसार ब्रह्मचारियों को स्थान देकर शिक्षा देना शुरू किया हैं अल्प समय में ही 9 ब्रह्मचारी संघ की शोभा बढ़ा रहें हैं संयम भाई गुजरात से आये हैं जो कि प्रथम गुजराती होने का गौरव पाएंगे। सभी ब्रह्मचारी भाइयों के पुण्य की बहुत बहुत अनुमोदना करते हुए कामना करते हैं पूज्य श्री का आशीर्वाद सदा बना रहे और सम्यक ज्ञान प्रभावना समिती अहमदाबाद के कार्य के बहुत बहुत शुभकामनाएं बहुत-बहुत बधाई।

**संकलनः**
**विनोद छाबड़ा ''मोनू'' जयपुर**




# जैन इंजीनियर सोसायटी जयपुर चैप्टर (नॉर्थ) का क्षमावाणी पर्व 2024 व सम्मान समारोह संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन इंजीनियर सोसायटी जयपुर चैप्टर (नॉर्थ) का क्षमावाणी पर्व 2024 व सम्मान समारोह, रविवार दिनांक 29 सितंबर 2024 को महीमा संसार (रिसोर्ट), टोकं रोड़, जयपुर में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ णमोकार मत्रं व मंगलाचरण से हुआ तत्पश्चात समारोह के मुख्य अतिथि वी पी वी इन्फ्रा टैक व इजीनियर-इजीनियर इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेडइ के प्रबंध निदेशकइजीनियर संजीव कुमार जैन व सीनियर एडवोकेट डॉक्टर पी सी जैन सर्वोच्च न्यायालय ने द्वीप प्रज्जवलित किया। जैन इजीनियर सोसायटी (नॉर्थ) के अध्यक्ष जैन इंजीनियर सोसायटी जयपुर चैप्टर (नॉर्थ) का क्षमावाणी पर्व 2024 व सम्मान समारोह, आर



के जैन ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए जयपुर चैप्टर (नॉर्थ) के द्वारा किये जा रहे सामाजिक, शिक्षा व पर्यावरण आदि क्षेत्रों के कार्यों की जानकारी दी तथाआगे की कार्य योजना विशेष रूप से हर मंदिर में सोलर पॉवर व वाटर कंजर्वेशन के कार्यो में तेजी लाने की बात कही। इस अवसर पर इंजीनियर प्रोफेसर वी के जैन MNIT, जेइस जयपुर नार्थ के संस्थापक अध्यक्ष इंजीनियर अखिलेश जैन, कोषाध्यक्ष इजीनियर अजित जैन तथा यंग इंजीनियर्स अभिषेक सांगी, हार्दिक जैन, विभोर जैन, प्रवेश साह व आर्किटेक्ट प्रियंका जैन की गरिमामयी उपस्थित में हुआ। इस अवसर पर अपने कार्य क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले इंजीनियर विकास जैन एमडी आइसोलेशन एर्नजी को एक्सिलेंस पुरस्कार तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि के लिए सर्वश्रेष्ठ सयोंजक 2023 इंजीनियर सोम्या लुहाडिया को डाडिंया फिटनेस कानर्सड व इंजीनियर पल्लव जैन को मंडली फिल्म के सफल निर्देशन के लिए सर्वश्रेष्ठ संयोजक 2024 इंजीनियर अलका जैन व इंजीनियर निकिता जैन को हेल्थ अवेयरनेस के लिए पुरस्कृत किया तथा वरिष्ट इंजीनियर के सी जैन व इंजीनियर पंकज जैन, सोनिया जैन को अधिकतम उपस्थिति के लिए पुरस्कृत किया। अंत में सचिव इंजीनियर पवन पाटनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।

# अणुव्रत सप्ताह को पर्युषण पर्व का दर्जा मिले

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अणुव्रत मानव धर्म है। मानवीय मूल्यों का संरक्षक, संवर्धक और परिवर्धक है। उक्त विचार मुनि श्री तत्त्व रुचि जी ?तरुण? ने अणुव्रत सप्ताह के तीसरे दिन अणुव्रत प्रेरणा दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्ञान विहार, निर्माण नगर में व्यक्त किये। उन्होंने कहा अणुव्रत सप्ताह को पर्व के रूप में मनाया जाए। उत्साह की दृष्टि से पर्युषण पर्व का दर्जा मिले। उन्होंने बताया कि पर्यूषण पर्व सिर्फ जैन धर्म का पर्व है जबकि अणुव्रत तो मानव धर्म है इसका सम्बंध तो जन-जन से है।इसलिए अणुव्रत जैन पर्व नहीं यह जन पर्व होना चाहिए। मुनि श्री तत्त्व रुचि जी



'तरुण' ने समाज को आगाह किया कि अणुव्रत के कार्य में सभी का सहयोग हो क्योंकि यह गुरुदेव तुलसी का महान अवदान है। अणुव्रत समिति जयपुर द्वारा ज्ञान विहार, निर्माण नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में नरेंद्र शर्मा 'कुसुम' मुख्य वक्ता थे। उन्होंने कहा कि अणुव्रत झील के जमे हुए पानी को चैतन्यता देने का और हम सभी को फिर उठ खड़े होने और कुछ करने की प्रेरणा देता है।अणुव्रत किसी भी विश्वास, जाति, संप्रदाय और पंथ से नहीं नैतिकता से संबद्ध रखता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष विमल गोलछा ने अणुव्रत नियमावली का वाचन किया। कार्यक्रम में अणुव्रत समिति की मंत्री डॉ. (श्रीमती) जय श्री सिद्धा, सहमंत्री कमलेश बरडिया, जी एस शर्मा, विमल नाहटा, बिरधीचन्द छाजेड़ व मास्टर रतन जैन उपस्थित थे। टीपीएफ के पूर्व अध्यक्ष एवं अणुव्रत प्रवक्ता पवन जैन एवं संदीप भंडारी ने अणुव्रत गीत का संज्ञान किया।

# कूकस का तीन दिवसीय वार्षिक मेला आज से प्रारंभ




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चंद्र प्रभु जी कूकस का 3 दिवसीय वार्षिक मेला आज से प्रारंभ हो रहा है। मंदिर जी के शिखर पर कलश व ध्वजा स्थापना हेतु याग मंडल विधान पूजा आज 4 अक्टूबर को दोपहर कलश एवं ध्वजा पुण्यार्जक परिवार श्रीमती छुट्टन देवी कमलचंद मनोरमा जी चंदवाड परिवार द्वारा की जाएगी। क्षेत्र के मंत्री प्रदीप गोधा ने बताया कि मेला अवसर पर परम पूज्य मुनि 108 श्री समत्व सागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री 108 श्री शील सागर जी महाराज का भी सानिध्य प्राप्त हो रहा है। मुनि श्री दिनांक 05 अक्टूबर 2024 शनिवार को प्रातः आमेर फागीवाला मंदिर से विहार कर प्रातः 07-15 बजे कूकस पहुंचेंगे जहां मुनि श्री का पाद् प्रक्षालन क्षेत्र कमेटी द्वारा किया जाएगा। शनिवार दिनांक 05-10-2024 को प्रातः 8:30 बजे वृहत शांति धारा एवं मंदिर जी के शिखर पर कलश एवं ध्वजा स्थापना जाएगी। उसके बाद 11-00 बजे से चन्द्र प्रभु विधान पूजा की जाएगी। रात्रि 8-30 बजे से भक्ति संध्या का आयोजन होगा जिसमें जयपुर के विख्यात भजन गायक पूनम चंद्र गोधा, अशोक पांड्या, श्रीमती मीनू सौगानी, सुनील पांड्या, आयुष पांड्या आरुषि जैन आदि के द्वारा भजन प्रस्तुतियां दी जाएगी। रविवार दिनांक 06-10-2024 को प्रातः 8:30 बजे वृहत शांति धारा तत्पश्चात प्रातः 9.15 बजे साजों से 24 तीर्थंकर पूजन श्री वीर संगीत मंडल द्वारा कराएंगी। इसके बाद दोपहर 3.00 बजे गुरुदेव समत्व सागर जी महाराज का प्रवचन, दोपहर 3:30 बजे से श्री जिनेंद्र भगवान के कलशाभिषेक होंगे। मेला संयोजक केशव गोदीका ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुधांशु कासलीवाल, अध्यक्ष अतिशय क्षेत्र महावीर जी व अध्यक्षता सुधीर जी जैन दोसा वाले अध्यक्ष अतिशय क्षेत्र पदमपुरा होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पारस जैन आगरा वाले एवं सत्येंद्र रेखा जैन होंगे इस अवसर पर क्षेत्र कमेटी द्वारा भारतवर्षीय दिगंबर जैन। तीर्थ क्षेत्र कमेटी, राजस्थान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार कोठारी का भी सम्मान किया जाएगा।

# कठपुतली नगर में जरूरतमंदों को किया भोजन वितरित



## लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल ने मनाया सेवा सप्ताह

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर कच्ची बस्ती में गुरुवार को जरूरतमंदों को भोजन का वितरण किया गया। लायंस क्लब एवं कठपुतली नगर विकास समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में कई वरिष्ठ जन शामिल हुए। वहीं भाजपा कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ओपी टांक एवं कठपुतली नगर कच्ची बस्ती विकास समिति के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा एवं लायंस के पदाधिकारियों ने जरूरी सामग्री का वितरण किया। लायन क्लब जयपुर स्पार्कल सेवा सप्ताह 2024 अनमोल खुशियां के उपलक्ष में करीब 150 जनों को भोजन वितरण किया गया। कठपुतली नगर में खाना, मिठाई व नमकीन आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर क्लब को-ऑर्डिनेटर लायंन विजिया कोठारी व अध्यक्ष -लायंन सुमित्रा गोलियां, सचिव - राधा मित्तल, कोषाध्यक्ष नीता गोयल-रानी पाटनी, मृदुला जैन, सुजाता स्वर्णकार, सरोज रुंगटा, स्नेहलता जैन आदि उपस्थित रहे।

# अहिंसा धर्म श्रेष्ठ धर्म है: चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज

**इंदौर. शाबाश इंडिया**



चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा की जिसका चित्त मंगलभूत अहिंसा धर्ममें लगा है, वह मनुष्य धरती पर श्रेष्ठ है। अहिंसा धर्म श्रेष्ठ धर्म है ।अहिंसा से बढ़कर अन्य कोई धर्म नहीं है। सत्य, अचौर्य, अपरिग्रह ,करुणा, दया, संयम, तप, त्याग, ब्रह्मचर्य ,आदि धर्म अहिंसा के ही अंग हैं। अहिंसा से बढ़कर अन्य कोई श्रेष्ठ धर्म नहीं है ।कोटि-कोटि यज्ञ से अधिक अहिंसा श्रेष्ठ है। किसी एक जीव के प्राणों की रक्षा करना अहिंसा, अर्थात किसी भी जीव को पीड़ित नहीं करना और उसके प्राणों की रक्षा करना अहिंसा है। आचार्य विशुद्ध सागर गुरुदेव ने कहा कि सुनना प्रारंभ कर लिया तो झगड़े नहीं होंगे। पूरा देखो और सुनो फिर बोध होगा हम लड़ कहां रहे। विश्व में शांति और अहिंसा चाहते हो तो एक दूसरे को सुनना सिखाओ, एक दूसरे को सुनना सीखो। भगवान तीर्थंकरों ने अनेकांत दृष्टि की व्याख्या की है। इसे अपनी बुद्धि में लाओ। विश्व में जब भी शांति होगी मिसाइलों से नहीं अहिंसा से होगी। अधिकार का अनाधिकृत प्रयोग मत करो जो ऐसा करता है वहां ही हिंसा भड़कना प्रारंभ हो जाती है। आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी ने कहा कि दूसरों का सुनना ही नहीं सीखो बल्कि सुनने का इंतजार भी करो। सुनने का इंतजार नहीं करने वालों ने घर,देश,धर्म का नाश कर दिया। पूरी बात सुनो, जो पुरुष सुना भी नहीं और सुनना भी नहीं चाहता ऐसा व्यक्ति ना परिवार का, समाज का, देश का और ना विश्व का भला करने वाला है जो कहा जा चुका है उस संदर्भ का पता करना चाहिए। जो कह रहे हैं उसे सुन लेना चाहिए और क्या कहने वाले हैं इसका इंतजार करना चाहिए। कुछ दिन पहले देश में ट्रेनों में आग लगाई गई। पूरा सुन नहीं पाए, पूरा समझ नहीं पाए इसके पहले आग लगा दी। लड़ने से पहले पूरी बात सुन लेना समझ लेना चाहिए। आचार्य श्री ने कहा कि घर में पानी भर रहा है आप पानी फेंकते हो, लगातार ऐसा करते हो। आप यह क्यों नहीं सोचते पानी आ कहां से रहा। छेद बंद करने क्यों नहीं जाते। दिन भर पोछा लगाते रहो फिर भी पानी नहीं रुकेगा। बोध होना चाहिए कि श्रोत कहां है। ऐसे ही अहिंसा का प्रचार ऐसे नहीं हो सकता, जिसके मन में अहिंसा नहीं आ पा रही है वह तन की अहिंसा क्या मिटाएगा। आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि जो दूसरों से छल करते हैं और दूसरों को गिराने के लिए गड्ढा खोदते हैं वे एक दिन स्वयं ही उस गड्ढे में गिर जाते हैं। यदि तुम शांति चाहते हो तो दूसरों को भी शांति से जीने दो। आप दूसरों से सम्मान चाहते हो तो सभी का सम्मान करो।